
खबरों की दुनिया

**एक नजर**

## पांच दिवसीय एफडीपी शुरू



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के द्वारा ऑनलाइन प्लेटफार्म पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारम्भ हुआ। जिसका विषय 'एनेर्जायिजिंग सस्टेनेबिलिटी थ्रू रिन्यूएबल एनर्जी सिस्टम्स' था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मालवीय राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान जयपुर के वरिष्ठ प्रोफेसर दिलीप शर्मा जी थे। प्रो. दिलीप शर्मा ने सौर आधारित शीतन प्रणालियों का अनुभव साझा करते हुए एम.एन.आई.टी. जयपुर में स्थापित सौर ऊर्जा से संचालित त्वरित दुग्ध शीतलक के परिणामों और प्रदर्शन पर चर्चा प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में, एसकेआईटी के निदेशक (अकादमिक) प्रो एस. एल. सुराना जी ने भी सस्टेनेबिलिटी विषय पर अपने विचारों को ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुए सैंकडो प्रतिभागियों से साँझा किया। यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. धीरज जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पांच दिवसीय संस्कृत भाषा दक्षता शिविर का शुभारम्भ

**—विभिन्न राज्यों से पधारे 110 छात्र सीखेंगे संस्कृत भाषा में वार्तालाप**

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में सोमवार को प्राध्यापक विकास केंद्र पांच दिवसीय संस्कृत भाषा दक्षता शिविर का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेंटर फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड प्रैक्टिस संस्था के शोधाधिकारी डॉ जय बहादुर सिंह कच्छावा थे। अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो सुदेश कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ प्रतिभा सिंह रतनू (शारीरिक शिक्षा निदेशक ,राजस्थान विश्वविद्यालय) थी। केन्द्र निदेशक प्रो वाई रमेश ने बताया की इस दक्षता शिविर कार्यक्रम में विशेष रूप से केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के उत्तर मध्य भारतीय परिसरों के व आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के पश्चिमी क्षेत्रीय युवा महोत्सव में विजेता छात्रों व चयनित खिलाड़ियों को संस्कृत भाषा दक्षता का प्रशिक्षण विभिन्न प्रशिक्षकों के द्वारा दिया जायेगा। मुख्य अतिथी डॉ जय बहादुर ने सम्बोधित करते हुये कहा की संस्कृत भाषा के महत्व को बताते हुए इसे प्राचीन ज्ञान का स्रोत बताया, साथ ही व्यवहार करने पर ही कोई भाषा सुगम्य होती है यह प्रतिपादित किया । विशिष्ट अतिथि प्रतिभा सिंह रतनू निदेशक शारीरिक शिक्षा ,राजस्थान विश्वविद्यालय ने बताया कि संस्कृत भाषा का भविष्य हमारे आज के छात्र हैं । क्रीडा को जीवन के लिए औषधि मानते हुए संस्कृत निष्ठ खिलाड़ियों की वर्तमान समय में आवश्यकता पर बल दिया ।

कार्यक्रम अध्यक्ष व परिसर निदेशक प्रोफेसर सुदेश कुमार शर्मा ने स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन की स्थापना को बताते हुए खेलों के माध्यम से संस्कृत संभाषण के औचित्य व महत्व पर प्रकाश डाला छात्रों को संस्कृत संभाषण शिविर का प्रशिक्षण दिया जायेगा शिविर के माध्यम से छात्र छात्राओं में संस्कृतमय वातावरण निर्माण करना परस्पर वार्तालाप, गीतिका ,संस्कृत शुद्ध श्लोक उच्चारण पाठ ,गीतापाठ, स्वाध्याय, व्याकरण, साहित्य , के नियमो की जानकारी तथा संस्कृत में वाक्य निर्माण करना सिखाया जायेगा। जिसके माध्यम से छात्र क्रीडा, सामान्य क्रियाकलाप आदि के माध्यम से संस्कृत भाषा के व्यवहार में दक्ष किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ रेखा कुमारी डॉ नमिता मितल डॉ किरण खींची डॉ नरेश सिंह डॉ घनश्याम हरदेनिया डॉ डमरूधरपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद सहित अनेक संस्कृत विद्वान् छात्र छात्राये उपस्थित थे।

## गुरनानी समूह और 'मेरियट इन्टरनेशनल' के बीच रणनीतिक सहयोग पर बनी सहमति

***जयपुर में शुरू होगा लग्जरी होटल रिट्ज कार्लटन***



**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** दिल्ली-जयपुर हाईवे पर मैरियट इंटरनेशनल का रिट्ज कार्लटन ब्रांड शुरू होगा। इसको लेकर सोमवार को होटल रेडिसन ब्लू में होटल मैरियट और गुरनानी ग्रुप के बीच एमओयू साइन हुआ। 2027 तक यह लग्जरी होटल बनकर तैयार होगा, इसमें 250 की-रिसॉर्ट्स होंगे। इस मौके पर मैरियट इंटरनेशनल के एशिया पेसेफिक के प्रेसिडेंट राजीव मेनन और गुरनानी ग्रुप के चेयरमैन मोहन दास गुरनानी ने एमओयू एक्सचेंज किया। कार्यक्रम में अक्षय गुरनानी, कुनाल गुरनानी, मुकेश गुरनानी, दिनेश गुरनानी मौजूद रहे। इस मौके पर मैरियट इंटरनेशनल के एशिया पेसेफिक के प्रेसिडेंट राजीव मेनन और गुरनानी ग्रुप के चेयरमैन मोहन दास गुरनानी ने एमओयू एक्सचेंज किया। इस मौके पर मैरियट इंटरनेशनल के एशिया पेसेफिक के प्रेसिडेंट राजीव मेनन और गुरनानी ग्रुप के चेयरमैन मोहन दास गुरनानी ने एमओयू एक्सचेंज किया। मोहन दास गुरनानी ने बताया कि हमारी प्लानिंग दिसम्बर 2027 में इस होटल को शुरू करने की है। इसमें 250 रूम होंगे और यह लग्जरी सेग्मेंट में हम होटल ला रहे हैं। यहां आने वाले लोगों को अलग तरह का एक्सपीरियंस मिलेगा। इसमें बनने वाले एक रूम को तैयार करने में लगभग सवा दो से ढाई करोड़ रुपए का खर्च आएगा और इसकी कुल लागत लगभग 500 करोड़ रुपए होगी। उन्होंने बताया कि यह रिर्सोट जयपुर दिल्ली राजमार्ग पर स्थित है, जो कि जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से 40 किलोमीटर की दूरी पर है। इस रिर्सोट में विला स्टाइल में तैयार किया जा रहा है, जो 40 एकड़ जगह में बनेगा। राजीव मेनन ने कहा कि रिट्ज कार्लटन मैरियट इंटरनेशनल के सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स में से एक है, जो कि अपने स्वयं के उच्च स्तर के बेहतर सेवा मानकों और उत्कृष्ट गुणवत्ता के इतिहास को संचालित करता है। गुरनानी रिसॉर्ट्स एंड होटल्स के अक्षय गुरनानी ने बताया कि हम ऐसे विला बना रहे हैं, जो आने वाले गेस्ट्स को अलग तरह का अनुभव प्रदान करेंगे।

## सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज में एमएससी स्टूडेंट्स के लिए आयोजित सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन सोमवार को हुआ। तीन सप्ताह तक चले इस आयोजन में स्टूडेंट्स को एक्सपर्ट्स की देखरेख में पर्सनेलिटी डेवलपमेंट के साथ ही सॉफ्ट स्किल्स की ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान स्टूडेंट्स को प्रेजेंटेशन के विभिन्न तरीके सिखाए गए, जिससे वे अपनी प्रतिभा को बेहतर तरीके से सामने वाले के सामने रख पाए। कॉलेज ग्रुप के चेयरमैन डा. आनंद पोद्दार ने बताया कि संस्थान की ओर से नियमित रूप से स्टूडेंट्स के डेवलपमेंट के लिए इस तरह के आयोजन किए जाते है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके एवम वे बेहतर परफॉर्म कर सके।

***लोकसभा आम चुनाव-2024***

## मतगणना कार्य के लिए 804 एआरओ की नियुक्ति की अधिसूचना जारी




खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (मतगणना) की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 19 अप्रेल एवं 26 अप्रेल 2024 को निर्धारित मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यकतानुसार एआरओ की नियुक्ति के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है।

उन्होंने बताया कि 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए कुल 804 एआरओ नियुक्त किए गए हैं। जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 80 इसके बाद सीकर में मतगणना कार्य के लिए 66 एआरओ लगाए गए हैं।

## पंकज ओझा की अनूठी पहल : अपना ऑफिस खुद साफ करने वाले इस आरएएस अफसर से हम कितनी बड़ी सीख ले सकते हैं

खबरों की दुनिया





जयपुर। जयपुर साफ-सफाई का काम किसी इंसान को छोटा नहीं बनाता है बल्कि वो इंसान बड़ा है, जो साफ सफाई को एक निजी काम समझता है।

घर की सफाई तो लोग फिर भी कर लेते हैं लेकिन बाहर और अपने दफ्तर की जगहों पर सफाई की जिम्मा शायद ही लेते हैं। लेकिन इस संदर्भ में एक आरएएस अफसर उन सभी लोगों के लिए एक बड़ा उदाहरण हैं, जो सफाई यानी झाड़ू को हाथ में लेना छोटा नहीं समझते हैं।

वीआईपी कल्चर से दूर आरएएस अधिकारी पंकज ओझा शनिवार और रविवार को अपने ऑफिस में सफाई करते हुए नजर आए।

आरएएस पंकज ओझा द्वारा रविवार शनिवार को छुट्टी में स्वयं लगकर सम्पूर्ण कार्यालय की सफाई की।

वर्तमान में पंकज ओझा जयपुर के अति. आयुक्त खाद्य सुरक्षा और ड्रग कंट्रोल के पद पर कार्यरत हैं।

ओझा ने कहा कि सफाई कोई गंदा काम नहीं है और लोग कर्मचारियों का इंतजार क्यों कर रहे हैं? उनकी इस बात को सुनकर लोग हंसे और तभी उन्होंने सोचा कि उन्हें खुद दूसरे को लिए एक उदाहरण बनना चाहिए। एक आरएएस के हाथों में झाड़ू देखकर बाकी साथी भी आगे आए और एक स्वच्छता अभियान चलाया।

देश में यह मान लिया गया है कि साफ-सफाई एक ही व्यक्ति का काम है। हमारे घरों में महिलाएं सफाई करती हैं, पुरुष कभी नहीं करते। इस सिस्टम को बदलने की जरूरत है।

## नायब तहसीलदार ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, कार्य सुधार के दिए दिशा निर्देश



खबरों की दुनिया

**ताला (वसीम अकरम)।** ताला उप तहसील के नायब तहसीलदार मुरारी लाल वर्मा ने सोमवार को ताला व राजपुरवास ताला स्थित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं से संबंधित बीएलओ से जानकारी ली,तथा निर्देश दिए। नायब तहसीलदार वर्मा ने बूथ केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्र पर निर्धारित प्रारूप में नाम अंकन करने, रैम्प पर रेलिंग लगाने एवं पेयजल तथा साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष एवं बीएलओ को निर्देश दिए। निरीक्षण में नायब तहसीलदार मुरारी लाल वर्मा,पटवारी शंकर लाल मीणा बीएलओ राजेश बुनकर,रमेश स्वामी,किशन बुनकर, सहित अन्य कार्मिक मौजूद थे।

## सुंदरकांड भजन संध्या व भव्य प्रसादी भंडारे का आयोजन



खबरों की दुनिया

**बस्सी।** राजधानी जयपुर के बस्सी क्षेत्र के बड़वा गांव में सुंदरकांड भजन संध्या व भव्य प्रसादी भंडारे का आयोजन स्थानीय गांव निवासी ग्यारसी लाल मीणा जिला न्यायाधीश व चेयरमैन राजस्थान राज्य जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर द्वितीय ने बताया कि सुंदरकांड भजन संध्या व भव्य विशाल प्रसादी भंडारा कार्यक्रम का आयोजन बड़वा समस्त ग्राम वासियों की ओर से विशाल भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सागर वाले हनुमान जी मंदिर परिसर बड़वा में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें दूर दराज से पहुंचे महामण्डलेश्वर केशव दास जी महाराज निमूई अखाड़ा अजबगढ़ दरभंगा ,कान्ता दास जी महाराज कानेठा,पीठाधीश्वर गो क्रांतिकारी भागवताचार्य भागेन्द्र व्यास शास्त्री आर्चाय महाराज पीठाधीश्वर श्री रामेश्वर धाम सरकार पीठ ग्राम बड़वा तहसील बस्सी जिला जयपुर सभी साधु संतों ने व भक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए सैकड़ो की संख्या सहित संत महात्मा सुंदरकांड भजन संध्या व विशाल प्रसादी भंडारे में पहुंचे इसमें सभी ग्रामीणों को सभी संतो द्वारा आशीर्वाद स्वरुप देश वासियों को खुशहाल सहित शांति का आशीर्वाद दिया कार्यक्रम में माया मीणा, नैतिक, नानू, कृष्णा,ग्यारसी लाल मीना जिला न्यायाधीश सर्वंग/ चेयरमैन न्यायालय उपभोक्ता जिला जयपुर, डॉ सुरेश शर्मा,बद्री मीना पटेल, कजोड़ मीना रामप्रताप मीना, सुरेश मीना एडवोकेट योगेन्द्र सिंह बडियाल द्वितीय इत्यादि ने विधि विधान से सागर वाले हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन की सुन्दर काण्ड पाठ व भजन हरी कीर्तन किया।

## फागोत्सव की मची है धूम

### महिला मंडल ने खेली गुलाल से होली



**पीपलू।** रंगों का त्यौहार होली का पर्व नजदीक आने के साथ ही गली मोहल्लो सहित मंदिरों में फाग महोत्सव की धूम मची हुई है। मंदिरों में महिला मंडल की ओर से भजन, गीत और हरी संकीर्तन कर भगवान को रिझाया जा रहा है। रंग अबीर गुलाल और फूलो वाली होली खेली जा रही है।

पुरुषों की और से भी चंग की धाप पर मंदिरों में होली के गीत गाए जा रहे हैं। होली के आयोजन को लेकर श्री सीताराम मंदिर पीपलू में महिला मंडल की ओर से फागोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राधा कृष्ण की संजीव झाकी का श्रृंगार किया गया। इसके बाद महा आरती की गई। भगवान को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मोहनी देवी, माया देवी, लाड देवी, राधा देवी, मधुबाला देवी, सीमा देवी, प्रेमलता देवी, सूरज देवी, सुनीता देवी, कल्पना, पूजाए वर्षा, सिद्धि, रीना व कोमल सहित सहित कई महिलाएं व बालिकाएं मौजूद थी।

## निम्स विश्वविद्यालय में पूर्व कुलपति प्रो.अमेरिका सिंह की अध्यक्षता में इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल का दौरा

**—विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में हमारे देश के युवाओं एवं उच्च शैक्षणिक संस्थाओं के महत्वपूर्ण भूमिका : प्रो.अमेरिका सिंह पूर्व कुलपति**

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** निम्स विश्वविद्यालय जयपुर में पूर्व कुलपति प्रो.अमेरिका सिंह की अध्यक्षता में प्रोफेसर एपी पांडे पूर्व कुलपति, प्रोफेसर विक्रम चड्ढा अमृतसर, प्रोफेसर एके अस्थाना अलीगढ़, प्रोफेसर एके तोमर अलीगढ़, प्रोफेसर सुनील चौहान अलीगढ़ ने इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया और उच्च शिक्षा के हितधारकों से चर्चा भी की। इस अवसर पर आयोजित विकसित भारत@2047 भारत की पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था चुनौतियां और संभावनाएं विषय आयोजित हुई संगोष्ठी को भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व कुलपति प्रो सिंह ने इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों एवं डॉ.संदीप त्रिपाठी रजिस्ट्रार निम्स को राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा लिखित पुस्तक निमित्त मात्र हुं मै की प्रति भेंट की। उन्होंने इस पुस्तक को युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन द्वारा निम्स विश्वविद्यालय में विकसित भारत के संदर्भ में दिसंबर माह में 107वीं अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की जानी है जिसमे देश-विदेश से 1000 से अधिक प्रतिभागी, विख्यात अर्थशास्त्री, उच्च शिक्षा विशेषज्ञ एवं उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न हितधारक प्रतिभागिता निभाएंगे। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस की विस्तृत रूपरेखा व कार्य योजना पर विचार विमर्श पर चर्चा की गौरतलब है कि इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन भारत में पेशेवर अर्थशास्त्रियों और नीति निर्माताओं का सबसे पुराना, सबसे बड़ा और सबसे प्रतिष्ठित संगठन है। यह भारतीय अर्थशास्त्र पेशेवरों का एक पंजीकृत निकाय है, जो आर्थिक विज्ञान के सैद्धांतिक और नीति उन्मुख मुद्दों पर बहस और चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करता हैं। प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा की विकसित भारत@2047 का उद्देश्य 2047अपनी आज़ादी के 100 वें वर्ष तक, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में हमारे देश के युवाओं का उच्च शैक्षणिक संस्थाओं के महत्वपूर्ण भूमिका है। यह योजना में देश युवाओं और नागरिकों को सशक्त बनाने और एक टिकाऊ अर्थव्यवस्था बनाने पर आधारित है। भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में प्रौद्योगिकी और नवाचार के मामले में दुनिया को नेतृत्व प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। विकसित भारत का दृष्टिकोण एक समृद्ध भारत से है जो आधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करता है और सभी क्षेत्रों के सभी नागरिकों को उनकी क्षमता तक पहुंचने का अवसर देता है।

## ललित शर्मा बने भारत सरकार के अधिवक्ता

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** दौसा जिले के निवासी एडवोकेट ललित शर्मा को भारत सरकार के कानून व विधि मंत्रालय ने राजस्थान हाईकोर्ट में सेंट्रल गवर्नमेंट(भारत सरकार) का अधिवक्ता नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद ललित शर्मा भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट में पैरवी करेंगे। ललित शर्मा ने विधि की शिक्षा राजस्थान विश्वविद्यालय से अर्जित की है, वहीं वे पिछले 20 वर्ष से राजस्थान हाईकोर्ट में विभिन्न मामलों की पैरवी कर रहे है। ललित शर्मा नगर निगम , जेडीए समेत कई प्रतिष्ठित मीडिया हाउसेज़ के साथ प्रदेश के कई हाई प्रोफाइल केसेज में वकील रह चुके हैं। ललित शर्मा की प्रारंभिक शिक्षा आदर्श विद्या मंदिर स्कूल , दौसा से हुई है। संघ की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले ललित शर्मा के पिता किसान थे। ललित शर्मा संघ के साथ साथ कई सामाजिक संगठनों से भी जुड़े रहे हैं। इनकी नियुक्ति पर इनके गृह जिले दौसा और बार एसोसिएशन जयपुर और दौसा के वकीलों ने बधाई दी है ललित शर्मा राजस्थान हाईकोर्ट की विधि प्रकोष्ठ से भी जुड़े हुए हैं। ललित शर्मा की नियुक्ति उनकी ज्वाइनिंग से तीन वर्ष के लिए की गई है। केंद्र सरकार की ओर से दी गई इस महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी पर उन्होंने कहा कि वह दी गई इस जिम्मेदारी पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे उन्होने विधि केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समेत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी इस नियुक्ति के लिए आभार जताया है।

भारत सरकार के विधि एवं न्याय विभाग की ओर से आचार संहिता लगने से ठीक पहले उनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है।

## धातु से बनी मूर्तियों के द्वारा कला प्रदर्शित करने के लिए जयपुर में स्थापित होगा म्यूजियम

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** देश विदेश की धातु से निर्मित मूति कला को संग्रहित कर राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक स्थान पर जनता को प्रदर्शित करने के लिए इसका म्यूजियम स्थापित किया जायेगा।

इस म्यूजियम में मेटल से बनी मूर्तियों की आर्ट गैलरी स्थापित की जाएगी। इसके लिए जयपुर में स्थित शिल्पांजलि आर्ट फाउंडेशन ने अपने प्रयास शुरु कर दिए हैं और आने वाले दिनों में जयपुर में म्युजियम स्थापित करने के लिए विचार विमर्श एवं जगह तलाशना शुरु कर दिया गया है।

इस म्यूजियम में देश विदेश में स्थापित विरास्त के साथ विश्व एवं हैरिटेज एवं गुलाबी नगर के रुप में प्रसिद्ध जयपुर में स्थापित विरासत को मूर्ति कला के माध्यम से जनता के बीच प्रदर्शित किया जायेगा ताकि इसके माध्यम से जहां लोग कला को समझेंगे वहीं जयपुर की विरासत की जानकारी भी लोगों तक पहुंचेगी।

**-:- खोया-पाया -:-**

भोड़की गांव में मेरा आवासीय भूखंड खसरा नं. 4284/4273 (कुल क्षेत्रफल 1200 वर्ग मी.) का पट्टा सब रजिस्ट्रार गुढ़ागौड़जी में दिनांक 19.08.2021 को बुक संख्या 1 जिल्द संख्या 96 पृष्ठ संख्या 25 क्रम संख्या 20210333110297 मेरे नाम जारी हुआ था। उक्त पट्टा 14.03.2024 को कहीं खो गया। जिसे भी मिले सूचित करें।

**विकास कुमार देवठिया पुत्र विद्याधर देवठिया**
**निवासी कारी तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं(राज.)**

खबरों की दुनिया

एक नजर

# चिकित्सा शिविर में 105 की जांच कर दी दवाई



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र द्वारा जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाने के लिए निःशुल्क मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जांच शिविर आयोजित किया गया। लॉरेश्वर महादेव मंदिर के ट्रस्टी कृपा शंकर मोदी एवं राधेश्याम ढंढारिया के सौजन्य से 105 रोगियों की निःशुल्क जांच कर एक माह की दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में डॉ. एसएन शुक्ला ने अपनी सेवाएं प्रदान दी। इस दौरान संस्था अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जॉन चैयरमेन नागर मल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मुंड, जय प्रकाश शर्मा, रामगोपाल शर्मा, देवेंद्र कुमार गौड़, बिहारी लाल सैनी, कृपा शंकर बावलिया, शिवप्रसाद महर्षि, इकबाल सिद्दीकी, एनआरआई मुबारक अली पहाड़ियां, चंद्र प्रकाश शुक्ला, रमाकांत हलवाई, राजकुमार सोनी, झाबरमल, अकराज कुरैशी, सचिव विवेक शर्मा, पंकज जालान, दशरथ सिंह, सूमेर सिंह कर्णावत, कैलाश चंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भजन कीर्तन के साथ दो दिवसीय चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव सम्पन्न



खबरों की दुनिया

**चिराना।** दो दिवसीय चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भजन कीर्तन के साथ समापन हुआ। श्री अखंड ज्योत सेवा समिति के तत्वावधान में पहले दिन सीकर रोड स्थित श्री गणेश मंदिर से गांव के मुख्य मार्गो से होते श्याम मंदिर तक निशान यात्रा निकाली गई। दुसरे दिन बाबा श्याम का विशेष पुष्प से श्रृंगार कर दरबार सजाया गया।

अखंड ज्योति प्रज्वलित कि गई। पंडित आचार्य रवि कुमार के मंत्रोच्चारण के साथ ही विधिवत पूजा अर्चना कि गई। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। बाबा के दरबार में सैंकड़ों ग्रामीणों ने दर्शन कर धोक लगाई।

इस दौरान अस्विनी दास महाराज, हेमन्त दास महाराज, दयाल दास महाराज, प्रमोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, कपिल शर्मा, बाबूलाल सैनी, जितेन्द्र सैन, राजेश जांगिड़, बंटी जांगिड़, अनीश बारी, सागर केम्पर, सुभम सैन, दिनेश सोनी, गणेश अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# विद्युत श्रमिक संघ करेगा प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन




खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ डिस्कॉम की कार्य समिति की बैठक श्रमिक संघ के अध्यक्ष हेमराज डांगी की अध्यक्षता में बांसवाड़ा त्रिपुरा सुंदरी माता मंदिर प्रांगण में हुई। विद्युत प्रभारी मुकेश चंद्र सोलंकी तथा राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ महामंत्री विजय सिंह वाघेला के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक में श्रमिक समस्याओं पर चर्चा करते हुए डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी व जिला महामंत्री सुरेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 1996 से 2019 की अवधि में विद्युत निगम में अनुकंपा पर नियुक्त हेल्पर को नियुक्ति तिथि से लिपिक बनाने के लिए सरकार से पुरजोर मांग की आवश्यकता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश स्तर पर उक्त एक सूत्री मांग को लेकर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। जिला महामंत्री सुरेश शर्मा ने संगठन को मजबूती देने के लिए संगठन की रीति नीति की पालना पर जोर दिया। इस दौरान भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा प्रतापगढ़ तथा झुंझुनूं के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक को जुगल किशोर जोशी, नरेंद्र सिंह राठौड़, महेश भावसार, जुम्मा काठात ने भी संबोधित किया। बैठक में नरेश जोशी, मानाराम, युजवेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह तंवर आदि शामिल हुए।

# पेयजल के मामले में राजनीतिक भेदभाव नहीं करे सरकार: हरिमोहन शर्मा

### –बढ़ते जल संकट को देखते हुए बूंदी विधायक ने प्रकट की चिंता

खबरों की दुनिया



**बूंदी।** विधायक हरिमोहन शर्मा ने गर्मी को देखते हुए संपूर्ण जिले में आ रहे जल संकट पर चिंता व्यक्त की शर्मा ने कहा कि पूर्व में ही इस संकट को देखते हुए विधायक कोष एवं अन्य मद के माध्यम से जिला परिषद बूंदी एवं जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर विधानसभा क्षेत्र बूंदी में 50 से अधिक हेडपंप लगाने के विषय में पत्र लिखा था। इसके जवाब स्वरूप जिला प्रशासन द्वारा विधायक शर्मा को जानकारी दी गई थी अभी ना तो विधायक कोष उपलब्ध हुआ है और ना अन्य किसी मद के माध्यम से इन हेड पंपों की स्वीकृति निकाली जा सकती है। शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा आचार संहिता के ठीक एक दिन पहले विधानसभा क्षेत्र सांगोद, मनोहर थाना, डग, कोटा दक्षिण, लाडपुरा, बारा, अटरू सहित विभिन्न ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं जहां पर 200 से अधिक हेड पंपों एवं 50 से अधिक ट्यूबवेलों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। परंतु इसके विपरीत बूंदी जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में सरकार द्वारा ना तो एक भी हेड पंप, ना एक भी ट्यूब बैलों और न ही विधायक कोष की स्वीकृति आमजन के पेयजल संकट को दूर करने के लिए दी गई है।उन्होंने कहा कि मेरा सरकार से निवेदन है कि इस समस्या का हल करें और पेयजल के मामले में राजनीतिक भेदभाव नही करे और ऐसा नहीं होने पर इस समस्या का समाधान हेतु केवल उग्र प्रदर्शन का विकल्प रह जायेगा।

# श्रद्धालुओं ने कान्हा संग खेली फूलों की होली



खबरों की दुनिया

**उदयपुरवाटी।** माता शाकंभरी के दरबार में 3 दिवसीय फागोत्सव में सोमवार को श्रद्धालुओं ने कान्हा संग फूलों की होली खेली। माँ शाकम्भरी सेवा समिति सकरायधाम के सौजन्य से आयोजित फागोत्सव में जयपुर की शुभम डांस एंड ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक चंग की थाप पर रंगारंग होली धमाल की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मोहित किया। फागोत्सव में नवरंग एंड पार्टी जयपुर के कलाकारों ने चंग पर थाप, बांसुरी से फाल्गुनी धमाल सुनाई। फागोत्सव में देश के विभिन्न प्रदेशों से आये भक्त कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। इस दौरान समिति अध्यक्ष राजेश धानुका, सचिव सुभाष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप रामुका ने फागोत्सव में आए भक्तों, मंदिर कमेटी के सदस्यों, स्थानीय भक्तजनों का आभार जताया।

## नवलगढ़ गैर जुलूस के मजिस्ट्रेट नियुक्त

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** होली का त्यौहार इस वर्ष 24 मार्च व धुलडी का पर्व 25 मार्च को सम्पन्न होगा। इस दौरान 25 मार्च को जिले के नवलगढ़ कस्बे में निकलने वाले गैर जुलुस के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न जगहों के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है।

जिला मजिस्ट्रेट चिन्मयी गोपाल ने निर्देश दिए हैं कि नवलगढ़ में गैर जुलुस के लिए नियुक्त मजिस्ट्रेट गैर जुलुस को अपने-अपने निर्धारित स्थल पर समय पर रवाना कर गैर जुलुस के साथ-साथ आना सुनिश्चित करेंगे।

# सांगरवा में श्याम दरबार, छप्पन भोग, मंगल पाठ रहें विशेष

खबरों की दुनिया

**उदयपुरवाटी।** निकटवर्ती सांगरवा में संगीतमय श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें श्री श्याम दरबार, छप्पन भोग की झांकी एवं मंगल पाठ रहे आकर्षक के केंद्र।

आयोजक बाबूलाल, जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सुबह 8 बजे पूजा अर्चना, 9 बजे अखंड ज्योत पाठ, शाम को 5 बजे प्रसाद वितरण किया जाता है।

जितेंद्र सोनी ने बताया कि अखंड ज्योति पाठ में पाठ वाचक विक्रांत जोशी जोरहाट, नृत्य नाटिका राहुल एवं साथी कलाकार, निखिल सोनी बांसुरी ने चंग धमाल की प्रस्तुति दी। संकीर्तन में बाबा खाटूश्याम का मनमोहक दरबार सजाया गया। अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई।



कलाकार राहुल मुरादाबाद व साथी कलाकार निखिल सोनी ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्यामभक्तों को झूमने पर मजबूर किया। बाबा के दरबार में सैंकड़ों ग्रामीणों ने दर्शन कर धोक लगाई। समिति के कार्यकर्त्ताओं ने अतिथियों, भामाशाहों का सम्मान किया। 56 भोग प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान विक्रांत जोशी, जीतू सोनी अमन गिनोरिया सहित हजारों बाबा श्याम भक्त मौजूद रहे।

# डॉ. शालिनी तोमर गर्सा ने किया लोकसभा क्षेत्र में जन सम्पर्क



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में डॉ. शालिनी तोमर गर्सा जन सम्पर्क यात्रा के माध्यम से नागरिकों से मिल रही है। जिसमें डॉ. गर्सा का जनता भी जगह जगह स्वागत सत्कार कर रही है। डॉ. शालिनी ने जन सम्पर्क यात्रा के दौरान लोगों को बताया कि पार्टी टिकिट दे रही है। जिसकी घोषणा जल्द ही होने वाली है। जिले की सीमा और नवल होटल के सामने घुमचक्कर पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इसके बाद घोड़ीवारा बालाजी मंदिर के दर्शन किए। जिला मुख्यालय पर पीरूसिंह सर्किल पर मतदान जागरूकता यात्रा में सम्मान किया गया। मौके पर पूर्व पार्षद सतबीर, विजेंद्र आबूसरिया, राजपाल मावता जाटान, अमरसिंह आबूसरिया उपस्थित रहे। इसके बाद चिड़ावा और सिंघाना में कार्यकर्ताओ ने डॉ. तोमर का स्वागत किया। इस दौरान महेश चौधरी, मोहनलाल गुप्ता, नारायण सिंह यादव, अशोक सिंघाना, अजीत सिंह मुरादपुर, सहीराम, विष्णु सैनी सिंघाना उपस्थित रहे। खेतड़ी में डॉक्टर शालिनी तोमर गर्सा ने स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति पर माल्यार्पण कर आशिर्वाद प्राप्त किया।

# निर्वाचन अधिकारी एसडीएम ने ली सेक्टर अधिकारियों की बैठक



खबरों की दुनिया

**चिड़ावा।** लोकसभा चुनावों को लेकर प्रशासन तैयारी में जुट गया है। एसडीएम बृजेश गुप्ता की अध्यक्षता और पिलानी सीआई नारायण सिंह की मौजूदगी में शहर की कोर्ट रोड स्थित एसडीएम कार्यालय सभागार में सोमवार को सेक्टर अधिकारियों और सेक्टर पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम बृजेश गुप्ता ने सभी सेक्टर अधिकारियों को चुनाव कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को अपने अपने क्षेत्र में जाकर निरीक्षण करने और उसकी रिपोर्ट बनाकर भेजने के निर्देश दिए। सभी पुलिस सेक्टर अधिकारियों को भी अपने क्षेत्रों की गतिविधियों को लेकर बारीकी से नजर बनाए रखते हुए जरूरी सूचनाएं अधिकारियों तक साझा इनके के निर्देश दिए। वहीं एसडीएम ने सीआई नारायण सिंह को बॉर्डर इलाकों में विशेष नजर बनाए रखने और चुनावों के दौरान बॉर्डर पर अस्थायी पुलिस चेक पोस्ट बनाने और कच्चे रास्तों पर लगातार गस्त करने के निर्देश दिए। अनजान और संदिग्ध वाहनों की जांच करने सहित अन्य दिशा निर्देश भी दिए।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी 20 को करेंगे झुंझुनूं प्रवास



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी 20 मार्च को झुंझुनूं में प्रवास करेंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी प्रातः 9:50 बजे हेलीकॉप्टर से हवाई पट्टी पंहुचेगें। यहां से श्रीचंचलनाथ टीले पर भाजपा जिला कार्यालय में सभा होगी। सैनी ने बताया कि हवाई पट्टी से जिला कार्यालय के मध्य 7 पॉइंटो पर अलग-अलग मोर्चो द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का स्वागत किया जाएगा।

बैठक में लोकसभा क्षेत्र के अलावा सीकर एवं अलवर लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केके जानू, जिला प्रभारी केडी बाबर, सीकर जिला प्रभारी दिनेश धाबाई, सांसद नरेंद्र कुमार, बबलू चौधरी, शुभकरण चौधरी, राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनिया, योगेंद्र मिश्रा, प्यारेलाल ढुकिया, रामनिरंजन पुरोहित, सेवाराम गुप्ता, जिला प्रवक्ता एवं नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, मनोज बाटड़, महेश जीनगर, इंद्राज सैनी, सतीश गजराज, अतुल खीचड़, राकेश सहल, विकास चौधरी, जयसिंह माठ, शौकत अली चौहान, संतोष शर्मा, इंद्राज सैनी, ललित जोशी, रवि लंबा, विजय सैनी, रामनिवास सैनी, सौरभ सोनी, प्रमोद जानू, विजय बाजला, विजय डारा, पुरुषोत्तम खाजुरिया, गुलजारी बैद्य, चंद्र प्रकाश जोशी, हरिकिशन शुक्ला, नवल स्वामी, अजय तिवारी, प्रमोद खंडेलिया, संजय जांगिड़, श्रवण सैनी आदि उपस्थित रहे।

## ओला का मिठाई खिलाकर किया स्वागत



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** कांग्रेस की लोकसभा टिकट मिलने के बाद पहली बार जिला मुख्यालय पर आए विधायक बृजेन्द्र सिंह ओला का मिठाई खिलाकर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान ओला ने कहा कि जिले की जनता साथ है। यहां से कांग्रेस जीतेगी। पूर्व सभापति खालिद हुसैन, तैयब अली, प्रदीप सैनी, सुमेर सिंह महला, ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली, मोहर सिंह सोलाना सहित काफी लोग उपस्थित रहे।


# 31 निशान खाटू रवाना 200 से ज्यादा श्रद्धालु शामिल



खबरों की दुनिया

**चिड़ावा।** शहर से एक और निशान यात्रा श्रद्धा के साथ बाबा श्याम के जयकारों के बीच रवाना हुई। निशान यात्रा शहर की पुरानी बस्ती स्थित श्री श्याम मंदिर से रवाना हुई।निशान यात्रा रवानगी से पहले श्याम मंदिर में पूर्व संध्या पर भजन संध्या हुई। जिसमें स्थानीय गायकों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। वहीं सुबह निशान पूजन हुआ मंदिर महंत राजू शर्मा के सानिध्य में सज्जन मित्तल, सोनू मित्तल, महेंद्र मोदी सहित श्रद्धालुओं ने ज्योत ली। इसके बाद श्रद्धालुओं ने हाथों में बाबा श्याम के निशान धारण किए और जयकारों के बीच निशान पुरानी बस्ती, धाबाई जी का टेकड़ा, मुख्य बाजार, कल्याण राय मंदिर, विवेकानंद चौक, राजकला कॉम्प्लेक्स, पुरानी तहसील रोड होते हुए कबूतरखाना बस स्टैंड स्थित डालमिया पेट्रोल पम्प पहुंची। यहां पर सभी श्रद्धालुओं को अल्पाहार करवाया गया। जिसके बाद सभी श्रद्धालु बसों और गाड़ियों से खाटू के लिए रवाना हुए। सभी दोपहर बाद खाटू पहुंचेंगे और शाम को बाबा श्याम के निशान समर्पित कर दर्शन करेंगे। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हैं।

# वीरेन्द्र क्यामसरिया जाट महासभा के प्रदेश सचिव बने




खबरों की दुनिया

**चिड़ावा।** राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील ने चिड़ावा क्षेत्र के क्यामसर निवासी युवा नेता विरेन्द्र क्यामसरिया चौधरी को राजस्थान जाट महासभा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। इस दौरान मील ने कहा कि क्यामसरिया अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता हैं। इनके माध्यम से समाज में भाईचारे की भावना से संगठन और मजबूत होगा। क्यामसरिया ने कहा कि जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील ने मेरे ऊपर विश्वास करके मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उस विश्वास को कायम रखूंगा।

# नियमित पेयजल सप्लाई की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

खबरों की दुनिया

**चिड़ावा।** शहर के विभिन्न वार्डों में पेयजल समस्या है। कई वार्डों में ट्यूबवेल खराब पड़े हैं, तो वहीं कई वार्डों में पेयजल सप्लाई अनियमित हो रही है। इधर कुछ वार्डों में ट्यूबवेलों में कम पानी आ रहा हैं। शहर के विवेकानंद चौक के पास पुलिस थाने के रास्ते पर वार्ड 24 के वाशिंदों ने पेयजल समस्या को लेकर जलदाय कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान वार्डवासियों ने अनियमित पेयजल सप्लाई के लिए जलदायकर्मियों को जमकर खरी खरी सुनाई। भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष रिंकू महेश शर्मा के नेतृत्व में वार्डवासियों ने अधिकारियों की अनुपस्थिति में विद्युतकार महेंद्र को ज्ञापन देकर शिकायत की। ज्ञापन में लिखा है कि उनके वार्ड में पेयजल सप्लाई के लिए जिसके पास चाबी है, वो व्यक्ति थाने से गांधी चौक वाले रास्ते और बाजार की ओर जाने वाले हजारिकों, डालमियों के मोहल्ले की ओर पेयजल सप्लाई मन मर्जी से खोलता है। जिससे इन क्षेत्रों में नियमित पेयजल सप्लाई नहीं हो रही। जिसके कारण इन इलाके के लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने इस समस्या को तुरंत समाधान करने और उक्त व्यक्ति से चाबी लेकर विभाग का कर्मचारी लगाने या किसी उपयुक्त व्यक्ति को पेयजल सप्लाई का जिम्मा देने और ट्यूबवेल से सभी क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई का समय तय करने की मांग की है। जिससे क्षेत्र में पेयजल संकट दूर हो सके। इस दौरान रोहित कसेरा, सुरेश टेलर, उमाकांत डालमिया, पवन टेलर, विष्णु निर्मल, सुमित्रा देवी, किरण वेद, संगीता, विशाल निर्मल सहित वार्डवासी मौजूद रहे।



